Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 05-08-2005

Participants : Virendra Kumar Shri

>

Title : Need to provide better medical facilities in the cantonment Hospital, Sagar, Madhya Pradesh and other parts of the country.

श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर) : सभापति महोदया, देश के छावनी क्षेत्रों में जो आर्मी के सैंटर्स हैं, वहां पर रहने वाले नागरिकों के लिए चिकित्सा सुविधाएं अच्छी तरह से प्राप्त हों, इसके लिए वहां की छावनी परिद् के द्वारा छावनी अस्पतालों का संचालन किया जा रहा है। मध्य प्रदेश में भी सागर, महु और जबलपुर, स्थानों पर छावनी अस्पतालों को चलाया जा रहा है। मेरे संसदीय क्षेत्र सागर में भी सदर झांसी सड़क पर छावनी अस्पताल है लेकिन इस छावनी अस्पताल में चिकित्सा की सेवाएं मरीजों को ठीक ढंग से प्राप्त नहीं होने के कारण, उन्हें जिस अच्छे ढंग से लाभ मिलना चाहिए, वह लाभ प्राप्त नहीं हो रहा है। इस कारण से वे मरीज इन अस्पतालों में इलाज कराने के बजाय या तो निजी नर्सिंग होम्स में जाकर इलाज कराते हैं या शासकीय चिकित्सालय में जाते हैं।

मेरा आपसे कहना है कि इन क्षेत्रों में बहुत सारे मरीज लोग रहते हैं, मजदूर भी रहते हैं, छोटा-छोटा काम करने वाले गरीब लोग रहते हैं, उनकी आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं होती है, ये अस्पताल कैन्ट एरिया में है और वेद शासकीय अस्पताल से दूर रहते हैं इस कारण से इन अस्पतालों की चिकित्सा सेवाएं बढ़ाए जाने के लिए प्रशासन द्वारा प्रयास किया जाने चाहिए लेकिन वे उदासीन बने हुए हैं। इन कैंट क्षेत्रों की आबादी लगातार बढ़ रही है। सागर कैंट एरिया की आबादी लगभग 30,000 हो गई है लेकिन उसकी जो व्यवस्थाएं आज से पन्द्रह या बीस साल पहले थीं, वही बनी हुई हैं। केंद्र सरकार के रक्षा मंत्रालय द्वारा लाखों रुपए प्रतिर्वा चिकित्सा के रखरखाव के लिए, उपकरणों को खरीदने के लिए, चिकित्सा सेवाओं के विस्तार के लिए दिए जाते हैं लेकिन उस राशि का ठीक ढंग से उपयोग नहीं हो रहा है। ऊपरी तौर पर दिखाने के लिए काम किया जाता है। कैंट एरिया में विशो सुविधाएं प्राप्त हों, वहां पर विशोज्ञों की नियुक्तियां की जाएं, वहां पर रात्रिकालीन सेवाएं प्रारंभ की जाएं क्योंकि रात्रिकाली सेवाएं मरीजों को वहां नहीं मिलती हैं। इन सेवाओं को बढ़ाने का प्रयास किया जाए।

अतः मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि उन सभी छावनी क्षेत्रों में, जहां पर छावनी अस्पताल चलाए जा रहे हैं, उन अस्पतालों की बेहतर सुविधाओं को बढ़ाने का प्रयास करें।

श्री शैलेन्द्र कुमार : सभापति महोदया, मेरा व्यवस्था का एक प्रश्न है।...(व्यवधान)

सभापति महोदया : जीरो ऑवर में व्यवस्था का प्रश्न नहीं होता। आप अपनी बात रख चुके हैं। अब सबसे आखिर में सोचेंगे।

...(व्यवधान)

श्री शैलेन्द्र कुमार : महोदया, यह बड़ा महत्वपूर्ण और सब लोगों से जुड़ा हुआ सवाल है।...(व्यवधान)

सभापति महोदया : ऐसे नहीं होता है।

...(व्यवधान)

श्री शैलेन्द्र कुमार : महोदया, सुबह आठ बजे हम लोगों को लिस्ट ऑफ बिजनेस मिलता है और आठ बजे हमें लिस्ट ऑफ बिजनेस देख नहीं पाते हैं। यहां पर जो भी सूचना होती है उसे लगा नहीं पाते हैं। मैं आपके माध्यम से, संसदीय कार्यमंत्री यहां पर हैं, मैं मांग करना चाहूंगा कि कम से कम सात बजे लिस्ट आफ बिजनेस माननीय सदस्यों को मिल जाए। ...(व्यवधान)

सभापति महोदया : यह बात अभी नहीं होगी।

...(व्यवधान)

सभापति महोदया : कभी भी उठकर कुछ नहीं बोलना चाहिए।

...(व्यवधान)